# दिनांक 04.01.2024 को सोनपुर में आयोजित मंडल संसदीय समिति की बैठक का कार्यवृत

दिनांक 04.01.2024 को सोनपुर में माननीय सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में **मंडल संसदीय समिति** की बैठक हुई । इस बैठक में सोनपुर मंडल के क्षेत्राधिकार के माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधि तथा रेल अधिकारी उपस्थित हुए जो निम्न है :–

**1. माननीय सांसद पक्षः–**

1) श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय सांसद (लोकसभा), सारण, अध्यक्ष, सोनपुर मंडल संसदीय समिति, सोनपुर
(2) श्री अजय निषाद, माननीय सांसद (लोकसभा), मुजफ्फरपुर
(3) श्री चौधरी महबूब अली कैसर, माननीय सांसद (लोकसभा),खगड़िया
(4) श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, माननीय सांसद, (लोकसभा),कटिहार
(5) श्री अजय कुमार मंडल, माननीय सांसद (लोकसभा),भागलपुर
(6) श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय सांसद (राज्यसभा)
(7) श्री राकेश सिन्हा, माननीय सांसद (राज्यसभा)

**2. माननीय सांसद प्रतिनिधि :–**

(1) श्री केशव शाण्डिल्य, प्रतिनिधि, श्री गिरिराज सिंह, माननीय सांसद, (लोकसभा),बेगूसराय
(2) श्री शिव कुमार सिंह, प्रतिनिधि, श्री नित्यानंद राय, माननीय सांसद, (लोकसभा),उजियारपुर
(3) श्री घनश्याम कुमार दाहा, प्रतिनिधि, श्री पशुपति कुमार पारस, माननीय सांसद,(लोकसभा) हाजीपुर
(4) श्री विनय कुमार चौधरी, प्रतिनिधि, श्री प्रिन्स राज, माननीय सांसद (लोकसभा),समस्तीपुर

**3. पूर्व मध्य रेल पक्षः–**

1. श्री अनिल कुमार खंडेलवाल, महाप्रबंधक,हाजीपुर
2. श्री तरूण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, हाजीपुर
3. श्री विवेक भूषण सूद, मंडल रेल प्रबन्धक, सोनपुर
4. श्री सुमन कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव, हाजीपुर
5. श्री अभिषेक कुमार, उप महाप्रबन्धक (सा.),हाजीपुर
6. श्री राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण (उत्तर), महेन्द्रुघाट,पटना
7. श्री पी0 आर0 सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक (रेल भूमि विकास प्राधिकरण),पटना
8. श्री अतुल्य सिन्हा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /बेला
9. श्री गुंजन मल्होत्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, मढ़ौरा
10. श्री सुजित कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक (सर्तकता), हाजीपुर
11. श्री शिव कुमार प्रसाद, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, हाजीपुर
12. श्री आशीष कुमार, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, हाजीपुर
13. डा0 अमित गर्ग, प्रधान मुख्य इंजीनियर, हाजीपुर

14. श्री अमित कुमार अग्रवाल, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, हाजीपुर
15. श्री बिपीन कुमार सिंह, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, हाजीपुर
16. श्री एकनाथ मोहकर, प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, हाजीपुर
17. श्री राजेन्द्र कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य विधुत इंजीनियर, हाजीपुर
18. श्री अमरेश कुमार, आई0जी0 सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, हाजीपुर
19. श्रीमती छवि झा, प्रधान वित्त सलाहकार, हाजीपुर
20. ड0 जगदीश चन्द्र, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, हाजीपुर
21. श्री हेमंत कुमार , प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, हाजीपुर
22. श्री वीरेन्द्र कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हाजीपुर
23. श्री योगेश कुमार, अमरेप्र–।/सोनपुर
24. श्री एम0एम0प्रसाद, अमरेप्र–।।/सोनपुर
25. श्री रौशन कुमार, वमंवाप्र/सोनपुर
26. श्री इंद्रेश कुमार, वमंई (सम0), सोनपुर
27. श्री दीपक राज राय, मंकाधि(प्रभारी)/सोनपुर
28. श्री शिवेन्द्र कुमार, वमंविई (सा.), सोनपुर
29. श्री रितेश कुमार गुप्ता, वमंसिदूई/सोनपुर
30. श्री मनीष सौरभ, वमंपरिप्र/सोनपुर
31. श्री अमित कुमार सिंह, वमविप्र/सोनपुर
32. श्री पुष्कर कुमार, वमयांई/सोनपुर

सर्वप्रथम महाप्रबन्धक, श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा सभी माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधियों को नव वर्ष की शुभकामनायें दी गई तथा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने उल्लेख किया कि यह समिति, यात्री एवं आमजनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके मार्गदर्शन से भारतीय रेल अपनी अहम भूमिका अच्छे से निभा रही है। पूर्व मध्य रेल नवीन कार्य जैसे वंदे भारत, अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन का विकास इत्यादि लागू कर रही है। उन्होनें अपने सम्बोधन में वर्ष 2027 तक बुलेट ट्रेन का ट्रायल होने का जिक्र करते हुए अवगत करवाया। अमृत भारत योजना के तहत भारतीय रेल में 1309 स्टेशनों को और पूर्व मध्य रेल के 92 स्टेशनों को चिन्हित किया गया है। पूर्व मध्य रेल में 78 स्टेशनों का कार्य चालू हो गया है। सोनपुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत ढांचों के विकास आदि के क्षेत्र में किये गये कार्यों और नई परियोजनाओं की दिशा में किये गये प्रयासों एवं विगत वर्ष के दौरान प्राप्त उपलब्धियों को Power Point Presentation के माध्यम से माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तदोपरान्त माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे व रेल के सर्वांगीण विकास एवं यात्री सुविधाओं में और वृद्धि करने हेतु अपने–अपने बहुमूल्य सुझाव दिये गये, जो निम्नवत हैः–

## माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधि महोदय का सुझाव एवं मार्ग दर्शनः–

| **1.** | श्री पशुपति कुमार पारस जी, माननीय केन्द्रीय मंत्री, प्रतिनिधि– श्री धनश्याम कुमार दाहा | संबंधित |
|---|---|---|
| 1.1 | हाजीपुर में स्टेडियम नहीं है। जबकि हाजीपुर में कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। जबाव में पर्याप्त जमीन का अभाव होने से अवगत कराया गया है । पुनः सर्वे कराकर हाजीपुर अथवा सोनपुर में राष्ट्रीय स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जाय । | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | **श्री गिरिराज सिंह जी, माननीय केन्द्रीय मंत्री, (प्रतिनिधि– श्री केशव शाण्डिल्य)** | |
| 2.1 | सोनपुर मंडल में कई रेलवे अस्पताल हैं, डॉक्टर एवं टेकनशियन उपलब्ध हैं । हम जो X-ray, Ultrasound बाहरी स्रोतों से कराते हैं उन्हें आधी दर पर कराने की व्यवस्था की जाये। इससे रेलवे के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी एवं हमारे डॉक्टर /टेक्नेशियन का उपयोग भी होगा। इस पर ध्यान दिया जाय । | PCMD |
| 2.2 | बरौनी स्टेशन की सफाई के मद में 18–19 लाख रू0 खर्च होते हैं, इस हिसाब से सफाई नहीं हो रही है । बरौनी एवं बेगूसराय स्टेशनों की साफ–सफाई पर ध्यान दिया जाय । | CEnHM |
| 2.3 | बारिश के मौसम में एसी कोच में जो बेडशीट, तकिया के कवर, रूमाल इत्यादि मिलते है वे सभी गंदे पाये जाते है, इस पर ध्यान दिया जाय । | CEnHM |
| 2.4 | बरौनी से अयोध्या धाम के लिए एक नई ट्रेन का परिचालन कराया जाय । | PCOM |
| 2.5 | डिब्रूगढ़ राजधानी के टिकट में खाने की सुविधा है फिर भी वेण्डरों द्वारा विभिन्न प्रकार के पानी बोतल, पेप्सी, रसगुल्ला एवं अन्य सामग्रियों की बिक्री की जाती है । क्या प्रावधान है ? पॉलिसी से अवगत कराया जाय । | PCOM |
| 2.6 | गाड़ी सं0 19483/84 बरौनी – अहमदाबाद एक्सप्रेस का सहरसा या जमालपुर तक विस्तार किया जाय । | PCOM |
| 3. | **श्री प्रिंस राज, माननीय सांसद (लोकसभा) समस्तीपुर (प्रतिनिधि–** श्री विनय कुमार चौधरी) | |
| 3.1 | माननीय सांसद द्वारा दिये गये प्रस्ताव में कुछ स्वीकृत हैं, कुछ रेलवे बोर्ड भेजे गए है और कुछ प्रस्ताव संभव नहीं है । जो कार्य सभव नहीं है उसे पुनः स्वीकृत कराने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाय। | PCOM |
| 3.2 | कोविड–19 काल में सभी बंद पड़े गाड़ियों का परिचालन कराया जाय । | PCOM |
| 3.3 | पिछली बैठक में छात्रों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 15549/50 जयनगर पटना इन्टरसिटी, ट्रेन सं0 11061/11062 पवन एक्सप्रेस, ट्रेन सं0 15231/15232 गोंदिया एक्सप्रेस, ट्रेन सं0 14673/74 शहीद एक्सप्रेस, ट्रेन सं0 14649/50 सरयू यमुना एक्सप्रेस, ट्रेन सं0 15211/12 जननायक एक्सप्रेस ट्रेन सं0 12565/12566 बिहार संपर्क क्रांति एवं ट्रेन **सं0** 15909/15910 अवध असम एक्सप्रेस का खुदीराम बोस पूसा स्टेशन पर ठहराव की मांग की थी। वर्तमान में कम से कम इन्टर सिटी 15549/15550 जयनगर–पटना, पवन एक्सप्रेस, ट्रेन सं0 15231/15232 का ठहराव कराया जाए तथा 18181/82 टाटा–छपरा एक्सप्रेस का प्रतिदिन ठहराव दिया जाय। | PCOM |
| 3.4 | कोरोना काल से पूर्व में खुदीराम बोस पूसा स्टेशन पर रूकने वाली ट्रेन सियालदह फास्ट पैसेंजर 53131/53132 एवं सिवान इन्टर सिटी 55021/55022 का ठहराव कराया जाय। कम आय का हवाला देते हुए प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया होने का जिक्र है । पहले रि–स्टोर कराया जाये अगर रेवेन्यू नहीं होती है तो सांसद महोदय को जानकारी देकर बंद कर दिया जाय । | PCOM |
| 3.5 | बरौनी–मुजफ्फरपुर के बीच 06 जोड़ी मेमू ट्रेन का परिचालन अतिआवश्यक है । इसे अविलम्ब चालू कराई जाय । | PCOM |
| 3.6 | माननीय सांसद परिक्षेत्र में रेलवे द्वारा किसी भी स्थान पर कोई भी कार्य का शिलान्यास /उद्घाटन किया जाता है तो उसमें सांसद महोदय को आमंत्रण पत्र भिजवाना सुनिश्चित किया जाय । | DRM |

| | | |
|---|---|---|
| 3.7 | मुजफ्फरपुर रेल खंड में खुदीराम बोस पूसा स्टेशन से 200 फीट पूर्व पर समपार फाटक संख्या 66 (TUV 59323) की अद्यतन स्थिति क्या है ? | PCE |
| 3.8 | कर्पूरीग्राम स्थित समपार संख्या 59 पर ROB निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ? | PCE |
| 3.9 | भगवानपुर–महुआ–ताजपुर–कर्पूरीग्राम नई रेल लाईन के संदर्भ में पूर्व में लोकसभा में मेरे प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि यह Financially Viable नहीं है , जो कि जनता की सुविधाओं के मद्देनजर उचित नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है ,जनहित के कार्य सर्वोपरि होने चाहिए , फायदा या नुकसान देखना सरकार का कार्य नहीं होना चाहिए । शीघ्र इसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए । | CAO/C/N |
| 3.10 | उत्तर बिहार से मात्र 01 ट्रेन टाटा तक जाती है। इसलिए ट्रेन सं0–18181/82 टाटा –छपरा एक्सप्रेस का खुदीराम बोस पूसा स्टेशन पर प्रतिदिन ठहराव दिया जाए और इसमें इमरजेंसी कोटा(EQ) हाजीपुर मुख्यालय और सोनपुर मंडल में दिया जाए । | PCOM |
| 3.11 | 02563/64 बरौनी –नई–दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस का ठहराव समस्तीपुर में दिया जाए । | PCOM |
| 3.12 | यात्रियों की सुविधा के लिए हाजीपुर –बरौनी के बीच 06 जोड़ी मेमू ट्रेन चलाई जाए । | PCOM |
| 3.13 | कर्पूरीग्रम रेलवे स्टेशन को गुड्स टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाए। यहां सब्जी मंडी खुल जाने से व्यापारियों की आवाजाही बढ़ी है । इससे रेलवे की आमदनी बढ़ेगी । | PCE |
| 3.14 | कर्पूरीग्राम स्टेशन के सौंदर्यीकरण के साथ गुमटी के पास अंडरपास सड़क कॉलेज के छात्रों के हित में और जनहित में बनाया जाना चाहिए । | PCE |
| 3.15 | रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ, रेल के पटरियों को अपग्रेड कर हाई स्पीड के लायक बनाया गया, लेकिन ट्रेन के समय–सारणी में बदलाव नहीं किया गया। महत्वपूर्ण ट्रेनों के लूज टाईम को घटाया जाए । | PCOM |
| 3.16 | खुदीराम बोस पूसा रोड स्टेशन के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति क्या है ? | PCE |
| 3.17 | 15228 मुजफ्फरपुर से यशवंतपुर एक्सप्रेस के फेरे को बढ़ाकर सप्ताह में तीन दिन चलाया जाय । | PCOM |
| 3.18 | मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों के हित को देखते हुए बरौनी से कोटा के लिए एक नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए । | PCOM |
| 3.19 | कर्मचारी कल्याण निधि से प्रति वर्ष Higher Education के लिए जो प्रोत्साहन राशि दी जाती है वह पर्याप्त नहीं है । एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्गो से आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु केन्द्र सरकार ने Post Matric Schoolorship योजना को लागू किया था लेकिन बिहार सरकार इसे लागू नहीं कर रही है । क्या रेल विभाग केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली इस योजना को लागू करने का विचार रखती है ? | PCPO |
| 4. | **श्री चौधरी महबूब अली कैसर, माननीय सांसद (लोकसभा )** | |
| 4.1 | खगड़िया स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की जा रही है। खगड़िया स्टेशन से 03 राजधानी एक्सप्रेस का आवागमन है, कम से कम 01 का ठहराव दिया जाय अथवा न्यूजलपाईगुड़ी के गाड़ी का ठहराव दिया जाय । | PCOM |

| | | |
|---|---|---|
| 4.2 | न्यू जलपाईगुड़ी–अमृतसर क्लोन के स्लॉट पर जोगबनी–अमृतसर सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन किया जाए। | PCOM |
| 4.3 | खगड़िया में अमृत भारत योजना के तहत जो कार्य हो रहे हैं वह बहुत धीमी गति से हो रही है । इस पर ध्यान दिया जाय । | PCE |
| 4.4 | खगड़िया में एक लिफ्ट का कार्य लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है, इसे अतिशीघ्र चालू कराया जाय। | PCEE<br>PCE |
| 4.5 | खगड़िया में हमसफर ट्रेन का ठहराव एवं कम से कम एक–दो ट्रेनों का ठहराव दिया जाय। | PCOM |
| 4.6 | गौछारी स्टेशन पर एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है। कटिहार–पटना एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाय । | PCOM |
| 4.7 | पसराहा स्टेशन पर एक मात्र एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव है । कम से कम कैपिटल एक्सप्रेस एवं टाटा एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाय। | PCOM |
| 4.8 | भरतखंड हाल्ट का लगभग 20 वर्ष पूर्व निर्माण हुआ था, परन्तु अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। भरतखंड हाल्ट की स्थिति दयनीय बनी हुई है, न ही प्लेटफार्म पक्कीकरण का कार्य किया गया है और न ही स्टेशन आने वाले रास्ते का । इसपर अविलंब ध्यान दिया जाये । | PCE |
| 4.9 | खगड़िया जं0 सर्कुलेटिंग एरिया में बहुत गंदगी की स्थिति बनी रहती है । स्थाई रूप से समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था की जाय । | CEnHM |
| 4.10 | मानसी–सहरसा खंड का दोहरीकरण भी बहुत जरूरी है । कई ट्रेनें घंटों विभिन्न स्टेशनों पर रूकी रहती है । लाईन दोहरीकरण के कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाय । | CAO/C/N |
| 4.11 | महेशखूंट में एफ0ओ0बी0 है इसका उंचीकरण विस्तार का कार्य बहुत दिनों से रूका हुआ है। | PCE |
| 4.12 | खगड़िया तथा महेशखूंट स्टेशन के पश्चिम गुमटी पर ओवरब्रिज का निर्माण स्वीकृत है, लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ है । अतः इस दिशा में जल्द से जल्द कार्य किया जाए ताकि दोनों जगह ट्रैफिक की समस्या दूर किया जा सके । | PCE |
| 4.13 | गौछारी एवं पसराहा प्लेटफार्म का उँचीकरण हो गया है, परन्तु मीटरगेज वैसी पुरानी अवस्था में बना हुआ है । | PCE |
| 4.14 | महानन्दा ट्रेन काफी गंदी रहती है । इस पर ध्यान दिया जाय । | CEnHM |
| 4.15 | अमृत भारत स्टेशन अन्तर्गत चयनित खगड़िया, मानसी एवं महेशखूंट स्टेशन पर कार्य की गति बहुत धीमी हैं। खगड़िया स्टेशन पर बनने वाले लिफ्ट का कार्य बंद पड़ा है । | PCE |
| 4.16 | प्रस्तावित नई सेमी हाई स्पीड ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी–पटना वन्दे भारत एक्सप्रेस का ठहराव खगड़िया स्टेशन पर भी होना सुनिश्चित किया जाए। कोसी का प्रवेश द्वार होने के कारण यह स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है तथा पटना के अलावा सिलीगुड़ी और दार्जिलिंग जाने वाले हजारों यात्री यहां से ट्रेन लेते हैं । | PCOM |
| 4.17 | खगड़िया स्टेशन पर राजधानी सहित 05 जोड़ी ट्रेनें यथा 12423/24 डिब्रूगढ़–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 15715/16 किशनगंज–अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस,15077/78 कामाख्या–गोमती नगर एक्सप्रेस, 14619/20 अगरतला–फिरोजपुर त्रिपुर सुन्दरी एक्सप्रेस तथा 04653/54 न्यू जलपाईगुड़ी–अमृतसर क्लोन हमसफर का ठहराव सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोसी इलाके के साथ मुंगेर जिले के लाखों यात्रियों को फायदा होगा । | PCOM |

| | | |
|---|---|---|
| 4.18 | गाड़ी सं0 22351 / 52 पाटलिपुत्र–बेंगलूरू एक्सप्रेस का सहरसा तक विस्तारीकरण भाया खगड़िया, बेगूसराय, शाहपुरपटोरी किया जाय । इस ट्रेन के परिचालन से कोसी इलाके का सम्पर्क नागपुर, चेन्नई तथा बेंगलूरू जैसे शहरों से हो जाएगा । | PCOM |
| 4.19 | खगड़िया लोकसभा अंतर्गत महेशखूंट स्टेशन पर दिल्ली जाने वाली 15707 / 08 आम्रपाली एक्सप्रेस और 15705 / 06 चम्पारण हमसफर का ठहराव होना अतिआवश्यक है। इसके अलावा गौछारी स्टेशन पर 15713 / 14 कटिहार'– पटना इंटरसिटी के ठहराव तथा पसराहा स्टेशन पर 13245 / 47 कैपिटल एक्सप्रेस एवं 28181 / 82 टाटानगर– कटिहार एक्सप्रेस का ठहराव भी जनहित में अतिआवश्यक है । | PCOM |
| 4.20 | खगड़िया के निकटवर्ती टर्मिनल सहरसा में 06 स्टेबलिंग लाईन तथा यात्री ट्रेनों के लिए मालगोदाम व प्लेटफार्म सं0 02 और 03 के बीच नए प्लेटफार्म के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। इन निर्माण कार्यो की जल्द शुरूआत हो । | CAO/C/N |
| 4.21 | खगड़िया कुशेश्वरस्थान लाईन के अंतर्गत खगड़िया–अलौली 18 कि0मी0 खण्ड पर रेल लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा मालगाड़ियों का परिचालन मई 2022 से हीं हो रहा है। किन्तु अभी तक कोई यात्री ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया है और ना हीं संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया है । इसके अतिरिक्त अलौली–कुशेश्वरस्थान खण्ड के लिए जलीय परीक्षण भी हो गया है, लेकिन लाईन बिछाने का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। अलौली प्रखंड एक नक्सल व बाढ़ प्रभावित इलाका है, जिसे मुख्यधारा में लाने के लिए इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना अतिआवश्यक है, क्योंकि यह 25 साल से अधूरा है । | CPTM |
| 4.22 | कोसी की लाईफलाईन सहरसा–मानसी रेल लाईन और खगड़िया–समस्तीपुर कॉर्ड लाईन का दोहरीकरण अतिआवश्यक है। वर्ष 2022–23 में इसकी उपयोगिता 100 फिसदी रही है तथा नई ट्रेन के परिचालन व ट्रेन समय पर चले इसके लिए इस लाईन के दोहरीकरण का प्रस्ताव अतिशीघ्र भेजा जाना चाहिए । | CAO/C/N |
| 4.23 | कटिहार–बरौनी रेलखंड के बॉटलनैक सेक्शन उमेशनगर–खगड़िया–मानसी खण्ड के बीच तीसरी लाईन बिछाने हेतु सर्वे किया जाए तथा इसके तीहरीकरण हेतु प्रस्ताव जल्द से जल्द रेल मंत्रालय भेजा जाए क्योंकि पिक टाईम के अलावा सामान्य दिनों में भी खण्ड पर काफी ट्रेनों का दबाव रहता है । | CAO/C/N |
| 4.24 | नवनिर्मित अलौली स्टेशन से खगड़िया–हसनपुर रोड–रूसेराघाट–समस्तीपुर–मुजफ्फरपुर होकर पाटलिपुत्र के लिए नई मेमू ट्रेन का परिचालन किया जाए। क्योंकि हसनपुर रोड होकर पटना के लिए एक भी ट्रेन नहीं चल रही है । इसके अलावा अलौली भी राजधानी पटना से सीधी तरह जुड़ जाएगा । | PCOM |
| 4.25 | सहरसा से दिल्ली के लिए भारत की अत्याधुनिक ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन खगड़िया–बरौनी–शाहपुरपटोरी–छपरा–वाराणसी–अयोध्या होकर किया जाए तो यह पर्यटन की दृष्टि से काफी लाभदायक होगा । | PCOM |
| 4.26 | गाड़ी सं0 15001 / 02 मुजफ्फरपुर–देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस का विस्तार समस्तीपुर–रूसेरा घाट–हसनपुर–खगड़िया के रास्ते सहरसा तक किया जाए ( यह ट्रेन मुजफ्फरपुर में 21 घंटे खड़ी रहती है) सहरसा में इस ट्रेन को रखने के लिए सुबह से शाम तक 12567 / 12553 राज्य रानी और वैशाली एक्सप्रेस के जाने के बाद पर्याप्त स्टेबलिंग लाइन व स्लॉट उपलब्ध है | PCOM |
| 4.27 | मानसी स्टेशन इस इलाके का काफी महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहां आस पास के जिले से | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| | काफी लोग ट्रेन पकड़ने आते हैं, अतः यहां पर टर्मिनल फेसिलिटी जैसे क्विक वाटरिंग हाईड्रेंट पाईप, स्टेबलिंग लाईन आदि का निर्माण किया जाए जिससे यहां से नई ट्रेन जैसे मेमू व इंटरसिटी आदि का परिचालन किया जा सके । | |
| 4.28 | खगड़िया और मानसी स्टेशन संयुक्त रूप से 06 लाईनों का जंक्शन है तथा मेनलाईन पर होने के कारण यहा काफी ट्रेनों का दबाव रहता है। लेकिन यहा सिर्फ 03 प्लेटफार्म है, अतः दोनों स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कर यहां प्लेटफार्म सं0 04 और 05 का निर्माण किया जाए जिससे भविष्य में यहां नो रूम की समस्या न रहे । इसके अलावा दोनों जगह के रैक प्वाइंट को स्टेशन के बाहरी भाग में रेलवे की खाली जगह पर शिफ्ट किया जाए क्योंकि यात्रियों को धूलकण से परेशानी होती है । | PCE |
| 4.29 | गाड़ी सं0 82355/56 पटना मुंबई सुविधा एक्सप्रेस जो पटना में 95 घंटे खड़ी रहती है , उसका परिचालन विस्तार खगड़िया बेगूसराय होकर सहरसा से किया जाए क्योंकि कोसी और फरकिया इलाके के लोगों को मुंबई जाने के लिए एक मात्र साधन सहरसा–बांद्रा हमसफर है, जिसमें सालों भर वेटिंग लगी रहती है । इसके विस्तार से इस इलाके को काफी राहत मिलेगी । | PCOM |
| 4.30 | गाड़ी सं0 03225/26 दानापुर सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन तथा 07255/56 पटना–सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन को रेगुलर ट्रेन का दर्जा देते हुए इसका परिचालन बेगूसराय–खगड़िया के रास्ते सहरसा तक किया जाए । अभी कोसी इलाके के लोगों को सिकंदराबाद की ट्रेन पकड़ने के लिए बरौनी या दानापुर जाना पड़ता है । | PCOM |
| 4.31 | गाड़ी सं0 13015/16 हावड़ा जमालपुर कवि गुरू एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार कर मानसी से चलाई जाए। चुँकि यह ट्रेन 08 घंटे जमालपुर में खड़ी रहती है तथा खगड़िया से अभी भागलपुर , दुमका , रामपुर हाट सहित हावड़ा के लिए कोई ट्रेन नहीं चल रही है । अतः इसका विस्तार होने से गंगापार के लाखों यात्रियों के लिए सुविधाजनक होगा । | PCOM |
| 4.32 | गाड़ी सं0 03633/34 देवघर जमालपुर डेमू ट्रेन का परिचालन विस्तार कर मानसी से चलाई जाए। चुंकि यह ट्रेन 08 घंटे जमालपुर में खड़ी रहती है तथा खगड़िया से अभी भागलपुर, बांका सहित देवघर के लिए कोई ट्रेन नहीं चल रही है । अतः इसका विस्तार होने से गंगापार के लाखों यात्रियों के लिए सुविधाजनक होगा । इसके अतिरिक्त श्रावणी मेला में चलाई गई 05551/52 सहरसा देवघर मेमू स्पेशल नियमित रूप से चले तो इस इलाके के लिए वरदान साबित होगी । | PCOM |
| 4.33 | गाड़ी सं0 03377/78 मोकामा पटना पैसेंजर स्पेशल का परिचालन विस्तार न्यू बरौनी–बेगूसराय–लखमिनियॉ के रास्ते खगड़िया या मानसी तक किया जाए । चूँकि यह ट्रेन मोकामा में 06 घंटे खड़ी रहती है तथा कोरोना के पूर्व बरौनी तक चलती थी, अतः इसका विस्तार यथोचित है । इस ट्रेन के विस्तार से खगड़िया और बेगूसराय जिले के दैनिक यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी । | PCOM |
| 4.34 | सहरसा स्टेशन को बड़ी लाईन से जुड़े हुए 20 साल होने को है लेकिन दुखःद बात है कि अभी तक यह इलाका देश के विभिन्न शहरों से अभी तक नहीं जुड़ पाया है । अतः सहरसा में दूसरे वाशिंग लाईन का निर्माण पूर्ण होने के बाद 19484/83 बरौनी–अहमादाबाद एक्सप्रेस का परिचालन सहरसा से किया जाए। जिससे इस इलाके का संपर्क भोपाल, | PCOM |

| | | |
|---|---|---|
| | खुजराहों के अलावा पश्चिम भारत के सुरत, बड़ोदरा तथा अहमदाबाद जैसे शहरों से हो सके । | |
| 4.35 | खगड़िया, मानसी तथा अलौली स्टेशन पर टर्मिनल सुविधा एवं प्लेटफार्म अटेंशन, स्टेबलिंग लाईन, ट्रेनों में वाटर फीलिंग आदि सुविधा बहाल किया जाए। जिससे यात्री ट्रेन का परिचालन यहां से शुरू की जा सके । | CAO/C/N |
| 4.36 | अमृत भारत योजना के तहत मानसी स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा तथा सभी प्लेटफार्म पर कोच इंडीकेशन बोर्ड लगाया जाए। इसके अलावा स्टेशन पर शक्तिपीठ मां कात्यायनी मन्दिर संबंधी मार्ग दर्शन बोर्ड, चित्रकारी और प्रदर्शनी आवश्यक रूप से लगाई जाए । | PCSTE<br>PCE<br>PCEE |
| 4.37 | सहरसा में दूसरे पिट लाईन का निर्माण कार्य कई साल से चल रहा है लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वाशिंग पिट लाईन में जगह की कमी के कारण 02563/64 सहरसा–नई दिल्ली क्लोन ट्रेन को बरौनी शिफ्ट कर दी गई है । अतः सहरसा में वाशिंग पिट का निर्माण जल्द पूरा हो तथा क्लोन ट्रेन का खगड़िया ठहराव के साथ पुनः परिचालन सहरसा से किया जाए । | PCE<br>PCOM |
| 4.38 | गाड़ी सं0 12149/50 दानापुर पूणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, खगड़िया के रास्ते सहरसा तक किया जाए (यह ट्रेन पूणे मंडल की है तथा दानापुर में 21 घंटे खड़ी रहती है, सहरसा में इस ट्रेन को सिर्फ प्लेटफार्म अटेंशन के साथ रवाना किया जा सकता है। सहरसा में इस ट्रेन को रखने के लिए सुबह से शाम तक 12567/12553 राज्य रानी और वैशाली एक्सप्रेस के जाने के बाद पर्याप्त स्टेबलिंग लाईन व स्लॉट उपलब्ध है । | PCOM |
| 5. | **श्री अजय कुमार मंडल, माननीय सांसद (लोकसभा) भागलपुर** | |
| 5.1 | मंडल/मुख्यालय से जो प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है उसकी क्या स्थति है, अवगत करायें। | PCOM |
| 5.2 | नवगछिया में 12407/08 (कर्मभूमि एक्सप्रेस), का ठहराव दिया जाय। | PCOM |
| 5.3 | हमारे क्षेत्र में जिन गाड़ियों का ठहराव दिया गया है वे कौन–कौन सी गाड़ियां है ? इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाय । | PCOM |
| 5.4 | कटरिया में एफ0ओ0बी0 का निर्माण कराया जाय । | PCE |
| 5.5 | नवगछिया स्टेशन हेतु वर्ष 2023–24 में प्रस्तावित कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय । | PCE |
| 5.6 | सोनपुर मंडल के A1, A एवं B श्रेणी के स्टेशनों (मुजफ्फरपुर, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया) पर CCTV का प्रावधान किया जा चुका था। क्या नवगछिया स्टेशन पर सभी CCTV कार्यशील है ? इसकी देखरेख हेतु क्या किसी एजेंसी को कार्य दिया गया है ? यदि हां तो एजेंसी के ब्योरा सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाय। जनता की शिकायत है कि CCTV कार्यशील नहीं है । | PCSTE |
| 5.7 | नवगछिया स्टेशन हेतु रेलवे बोर्ड को मंडल,जोन द्वारा भेजे गए विकास कार्य संबंधित सुझावों | PCCM |

| | | |
|---|---|---|
| | पर रेलवे बोर्ड की कार्यवाही से अवगत कराया जाय । सुझाव सूची एवं बोर्ड द्वारा कृत कार्रवाई से अवगत कराया जाए । | |
| 5.8 | खरीक व कटरिया स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान हेतु कार्य 2023–24 में प्रस्तावित किया गया था, क्या इस पर रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गई है ? यदि हां तो तत्संबंधित ब्यौरा उपलब्ध कराया जाय। यदि नहीं तो इसके कारणों से अवगत कराया जाय । | PCCM |
| 5.9 | नवगछिया स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर महिला एवं पुरूष के लिए सार्वजनिक शौचालय गंदे रहते है। साफ–सफाई की व्यवस्था नहीं है । | CEnHM |
| 5.10 | नवगछिया स्टेशन पर एवं मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सोनपुर मंडल अधीन सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधा में विस्तार के लिए वर्ष 2023–24 में प्रस्तावित कार्यो एवं स्वीकृति कार्यो की सूची से अवगत कराया जाय एवं इन कार्यो हेतु कौन सी एजेंसी को अधिकृत किया गया है। एजेंसी वार एवं स्टेशन वार सूची उपलब्ध कराई जाय । | PCE |
| 5.11 | नवगछिया रैक प्वाइंट पर सविधाओं के विस्तार हेतु पाईप जल सप्लाई और टॉयलेट का निर्माण क्या समपन्न हो गया है ? नवगछिया रैक प्वाइंट पर सुविधाओं के विस्तार हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है ? | PCE |
| 5.12 | नवगछिया स्टेशन पर रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार स्वचालित सीढ़ी नहीं है, जिसके कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामाना करना पड़ रहा है विशेषकर बच्चें, बुजुर्ग एवं दिब्यांगजन यात्रियों को । क्या 2023–24 में इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया था, यदि हां तो इसपर क्या कार्य प्रगति हुई है ? | PCCM |
| 5.13 | भागलपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सोनपुर मंडल अधीन जी0आर0पी0 क्षेत्र में कई अपराधिक घटनाएं होती हैं, जिसका उद्भेदन पुलिस द्वारा नहीं किया जा सका है। इसकी शिकायत यात्रियों एवं स्थानीय जनता से प्राप्त हो रही है । इस विषय को पहले भी उठाया गया था, परन्तु कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं हुई । गत 02 साल से आज की तिथि तक कितनी अपराधिक घटनाओं पर कार्यवाही की गई है ? रेलवे सुरक्षा बल कितनी संख्या में स्टेशन वार तैनात है ? | PCSC |
| 5.14 | नवगछिया स्टेशन पर गाड़ी सं0 15667/68(गांधी धाम एक्सप्रेस) 12407/08(कर्मभूमि एक्सप्रेस), 15933/34,22411/12,46119/20 एवं 15078/79 का ठहराव किया जाय । मेरे इस सुझाव को मंडल कार्यालय सोनपुर के पत्रांक सं0 ECR/OPTG/TT/510/SEE/General/5792 दिनांक 19.12.2022 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को अवगत कराया गया था, इसपर क्या कार्य प्रगति हुई इससे अवगत किया जाय । | PCOM |
| 5.15 | नवगछिया एवं कटरिया स्टेशन के बीच रेलवे ढ़ाला पर आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट क्या है ? इस कार्य को करने वाली एजेंसी कौन सी है, लागत क्या है एवं कार्य पूर्ण होने की अवधि क्या है ? | CAO/C/N |
| 5.16 | थानाबिहपुर स्टेशन के निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट क्या है ? इस कार्य को करने वाली एजेंसी कौन सी है, लागत क्या है एवं कार्य पूर्ण होने की अवधि क्या है ? एजेंसी अनुबंध | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रति एवं सम्पर्क सूत्र, से अवगत कराया जाय। | |
| 5.17 | कटिहार से जमालपुर और जमालपुर से कटिहार वाया मुंगेर–खगड़िया होकर एक इंटरसिटी ट्रेन की सख्त जरूरत है । मेरे इस सुझाव को मंडल कार्यालय सोनपुर के पत्रांक सं0 ECR/OPTG/TT/510/SEE/General/15763 दिनांक 23.12.2022 के माध्यम से ER एवं NFR को अवगत कराया गया था। इसपर क्या प्रगति है ? मंडल द्वारा प्रेषित सभी पत्र व्यवहार की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाय । | PCOM |
| 5.18 | कटिहार से टाटा एवं टाटा से कटिहार सप्ताह में दो दिन चलने वाली ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। जिसका मार्ग खगड़िया, जमालपुर, किउल होकर जाता हो। इससे अधिक से अधिक यात्रियों को सुविधा होगी।<br>मेरे इस सुझाव को मंडल कार्यालय सोनपुर के पत्रांक सं0 ECR/OPTG/TT/ 510/SEE/General/15763 दिनांक 23.12.2022 के माध्यम से ER,SER तथा NFR को अवगत कराया गयाा था, इसपर क्या प्रगति है ? मंडल द्वारा प्रेषित सभी पत्र व्यवहार की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाय । | PCOM |
| 5.19 | जमालपुर वाया मुंगेर , खगड़िया के रास्ते जोगबनी और जोगबनी से जमालपुर तक एक सवारी गाड़ी चलाई जाए । जिससे खगड़िया तक के यात्रियों को सुविधा होगी, साथ हीं जोगबनी, पूर्णिया, कटिहार एवं नवगछिया के लोगों को दक्षिण बिहार के साथ सीधा संपर्क हो जाएगा । मेरे इस सुझाव को मंडल कार्यालय सोनपुर के पत्रांक सं0 NFR और ER को पत्र सं0 पुमरे/परि/टीटी/510/ सोनपुर/डीजीएमजी/15763 दिनांक 23.12.2022 के माध्यम से अवगत कराया गया था, इसपर क्या प्रगति है ? मंडल द्वारा प्रेषित सभी पत्र व्यवहार की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाय । | PCOM |
| 5.20 | नवगछिया रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक रेस्टोरेंट की व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु मंडल कार्यालय सोनपुर द्वारा उचित कार्रवाई करने हेतु IRCTC को अवगत कराया गया था। इसपर क्या प्रगति है ? मंडल द्वारा प्रेषित सभी पत्र व्यवहार की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाय । | PCCM |
| 5.21 | नवगछिया में मालगोदाम और पश्चिम ढ़ाला के आसपास रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर चाहरदिवारी देकर गार्डेन बना दिया जाए । जिसमें फलदार व फूलदार वृक्षों के साथ लाईटिंग करने हेतु मैंने सुझाव दिया था। क्या इसपर कार्य किया गया ? यदि हां तो कार्य प्रगति से अवगत कराया जाए । | PCE |
| 5.22 | मेरे संसदीय क्षेत्र अंर्तगत सोनपुर मंडल अधीन आने वाले सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए वाटरकुलिंग सिस्टम मशीन की सुविधा उपलब्ध हो, साथ ही पीने के लिए शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था हो । | PCE |
| 5.23 | संसदीय क्षेत्र अंर्तगत सोनपुर मंडल अधीन आने वाले सभी स्टेशनों पर साफ–सफाई हेतु क्या आउटसोर्सिंग एजेंसी की सहायता ली जा रही है ? यदि हां तो एजेंसी अनुबंध प्रतिलिपि स्टेशन वार उपलब्ध कराई जाय । | CEnHM |
| 5.24 | क्या नवगछिया स्टेशन पर यात्री सुविधा से संबंधित प्रणाली टी0आई0बी0/सी0आई0बी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? यदि हां तो कार्य प्रगति से अवगत कराया जाय । | PCSTE |

| | | |
|---|---|---|
| 5.25 | थानाबिहपुर से महादेवपुर घाट तक रेल सेवा का परिचालन पुनः प्रारंभ करवाया जाए, आज भी यहॉ रेलवे की आधारभूत संरचना उपलब्ध है । इस कार्य से भागलपुर से गंगा पार तक का इलाका रेलवे से सीधा जुड़ सकेगा । | PCE |
| 5.26 | बरौनी –कटिहार रेलवे खंड में बगरीग्राम हॉल्ट पर कम से कम 05 अतिरिक्त पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव करवाया जाए । यह 10 गांवों का निकटतक रेलवे हॉल्ट है, जिसकी जनसंख्या लगभग 50000(पचास हजार) से अधिक है। यह दैनिक आवश्यकताओं यथा मजदूरी, कृषि, व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा तथा प्रमुख स्टेशनों से ट्रेनों को पकड़ने हेतु आवागमन का प्रमुख साधन है । वर्तमान में यहां 03 पैसेन्जर गाड़ियों का ठहराव है । | PCOM |
| 5.27 | नवगछिया–कटरिया रेलवे स्टेशनों के बीच लगभग 10 करोड़ की लागत से बनाया गया माल गोदाम वर्षो से बेकार पड़ा हुआ है । पिछले 01 वर्ष से यहां किसी तरह का कोई लोडिंग /अनलोडिंग कार्य नहीं किया गया है । सड़क नहीं रहने के कारण यह बेकार पड़ा हुआ है । विभागीय लापरवाही को लेकर यह बेकार पड़ा हुआ है । यह जांच का विषय है कि किस अधिकारी द्वारा इस स्थान का माल गोदाम बनाने हेतु चयन किया गया । | PCE |
| 6. | **श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय सांसद (राज्यसभा)** | |
| 6.1 | कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, टाटा–छपरा, मिथिला, दानापुर–जयनगर एवं मुजफ्फरपुर–भागलपुर इन्टरसिटी ट्रेनों के ठहराव मांग की गई थी । जिसमें कम से कम 02 ट्रेन का ठहराव दिया जाय । | PCOM |
| 6.2 | कर्पूरीग्राम गुड्स शेड में विश्राम कक्ष एवं शौचालय की व्यवस्था ठीक नही है। | PCOM |
| 6.3 | तेजस राजधानी में दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता काफी खराब है । इस पर ध्यान दिया जाय । | PCMM |
| 6.4 | गंगा सागर ट्रेन की स्थिति बहुत हीं दयनीय है । इस पर ध्यान दिया जाय । | PCCM |
| 6.5 | कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर कोविड से पहले टाटा–छपरा, बाघ, मौर्य एवं मिथिला एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव था । कोविड के कारण ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया । पुनः ट्रेनों के परिचालन के बाद उक्त चारों ट्रेन यहां नहीं रूकती है । मंडल की बैठक के साथ–साथ संसद में भी मेरे द्वारा प्रश्न उठाया गया है, जिसपर माननीय रेलमंत्री जी द्वारा संसद में आश्वासन दिया गया है कि इस ओर जल्द हीं बैठक आयोजित कर उचित निर्णय लिया जाएगा । | PCOM |
| 6.6 | कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन के समीप समपार फाटक सं0 59 सी पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु निविदा होने के बाद भी आज तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया । | PCE |
| 6.7 | यात्रियों की सुविधा के लिए 13225/26 जयनगर–दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं 13419/20 मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस का ठहराव कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर दिया जाए । | PCOM |
| 6.8 | उजियारपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव है यहां रेल यात्रियों के बैठने के लिए शेड्स आदि का प्रावधान किया जाए । | PCE |
| 6.9 | बरौनी से बछवाड़ा, विधापतिनगर होते हुए हाजीपुर–सोनपुर तक पैसेन्जर ट्रेनों की संख्या बढ़ायी जाए । | PCOM |
| 6.10 | सोनपुर रेल मंडल अंतर्गत खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन को समस्तीपुर मंडल के अधीन करने हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए । | DRM |
| 6.11 | यात्रियों की सुविधा एवं जनहित में 02563 व 02564 बरौनी–नई दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का ठहराव समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर दिया जाए । | PCOM |

| | | |
|---|---|---|
| 6.12 | कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन के गुड्स टर्मिनल के रूप में विकसित किये जाने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा जाना था, इस कार्य की क्या स्थिति है ? | PCOM |
| 7. | **श्री अजय निषाद, माननीय सांसद (लोकसभा), मुजफ्फरपुर** | |
| 7.1 | दानापुर से न्यूजलपाईगुड़ी तक जानेवाली कैपिटल एक्सप्रेस 13245/46 को भाया मुजफ्फरपुर होते हुए चलाई जाए । | PCOM |
| 7.2 | मुजफ्फरपुर से सिलीगुड़ी जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं है । मुजफ्फरपुर से सिलीगुड़ी ट्रेन चलाई जाय । | CPTM |
| 7.3 | यात्री/माल से कितनी आय प्राप्त हुई है, उसका विवरण दें । यात्रियों से आय आ रही है तो गाड़ियों के ठहराव में क्या समस्या है, अवगत करायें । | PCCM |
| 7.4 | माननीय प्रधानमंत्री की योजना अंतर्गत चलाई जाने वाली बंदे भारत ट्रेन मुजफ्फरपुर से न्यू जलपाईगुड़ी , मुजफ्फरपुर से रांची, मुजफ्फरपुर से हावड़ा एवं मुजफ्फरपुर से लखनऊ के बीच चलाई जाए । | CPTM |
| 7.5 | 15515/16 रक्सौल–दानापुर इंटरसिटी फास्ट पैसेंजर का ठहराव परमजीवर–ताराजीवर स्टेशन पर दिया जाए । | CPTM |
| 7.6 | 13123/24, जो पूर्व में मुजफ्फरपुर से सियालदह फास्ट पैसेंजर चलती थी, उसे कोरोना काल में बंद कर दिया गया था। बाद में यही गाड़ी अब सीतामढ़ी से सियालदह भाया दरंभगा चलती है । मुजफ्फरपुर से सियालदह के लिए एक भी सवारी गाड़ी नहीं है । अतएव यात्रियों की सुविधा के लिए मुजफ्फरपुर से सियालदह फास्ट पैसेंजर पुनः चालू किया जाए । | CPTM |
| 7.7 | सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर के बीच एक नई ट्रेन चलाई जाए जिसका मेल मुजफ्फरपुर से पटना जानेवाली 15549/50 इंटरसिटी एक्सप्रेस से जुड़ सके एवं इसका ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र के परमजीवर–ताराजीवर, बेनीपुरी हॉल्ट एवं शहीद जुब्बा सहनी स्टेशन पर दिया जाएगा। | CPTM |
| 7.8 | समस्तीपुर –सिवान इंटरसिटी फास्ट पैसेंजर जो कोविड–19 के कारण बंद कर दिया गया था। उसे पुनः परिचालन हेतु मंडल द्वारा प्रस्ताव ECR/OPT/TT/510/SPJ/DIVISIONAL PAPRLIAMENT COMMITTEE MEETING/ 2022/5630, दिनांक 13.02.2023 द्वारा भेजा गया। उक्त ट्रेन को यथाशीघ्र चालू किया जाए । | CPTM |
| 7.9 | समस्तीपुर – मुजफ्फरपुर एवं मुजफ्फरपुर –सोनपुर के बीच मेमू ट्रेनों का फेरा बढ़ाया जाए । | CPTM |
| 8. | **श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, माननीय सांसद, (लोकसभा) कटिहार** | |
| 8.1 | कुर्सेला में चौथी गुड्स लाईन है जिसमें गुड्स ट्रेन रूकी रहती है। जिसमें कई बार आमजन दुर्घटना का शिकार हो गये हैं । उक्त स्थल पर एफ0ओ0बी0 का शीघ्र निर्माण कराया जाय । | PCE |
| 8.2 | पश्चिम साईड में रेलवे का जमीन खाली पड़ा हुआ है, उसका सौंदर्यीकरण किया जाय । | PCE |
| 8.3 | समेली हाल्ट पर कोई गाड़ी नहीं रूकती है । सवारी गाड़ियों का ठहराव कराया जाय । | PCE |
| 8.4 | सेमापुर रेलवे स्टेशन का रैक प्वाइंट का विस्तार एवं उंचीकरण किया जाय । सेमापुर एवं कुर्सेला दोनो का रैक प्वाइंट छोटा है और नीचे भी है । इस पर ध्यान दिया जाय। | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 8.5 | पैसेन्जर गाड़ियों में 18 से 22 बोगी लगाये जा रहे हैं और प्लेटफार्म की लम्बाई कम है । जिसके कारण बोगी प्लेटफार्म से बाहर रहता है । प्लेटफार्म का विस्तार किया जाय । | PCE |
| 8.6 | कुर्सेला स्टेशन भवन का मॉडल बने तो उसमें गुरूद्वारा का मॉडल बनवाया जाय । | PCE |
| 8.7 | सेमापुर स्टेशन (कटिहार छोर) पर एक सड़क रेलवे लाईन से क्रॉस करती है उस समपार पर आर0ओ0बी/आरयूबी का निर्माण किया जाय । | PCE |
| 8.8 | काढ़ागोला के पूरब साईड में आर0ओ0बी/आरयूबी का निर्माण किया जाय । | PCE |
| 8.9 | समेली रेल हाल्ट स्टेशन के उद्घाटन एवं सवारी गाड़ियों के ठहराव के संबंध में। | CPTM |
| 8.10 | कटरिया रेलवे स्टेशन पर बरौनी–कटिहार पैसेंजर (05249) एवं कटिहार–बरौनी (05250) रेल गाड़ी के ठहराव के संबंध में। | CPTM |
| 8.11 | कुर्सेला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 1 एवं 2 पर बने FOB को प्लेटफार्म सं0 3 तक विस्तार करने के संबंध में | PCE |
| 9. | **श्री राकेश सिन्हा, माननीय सांसद (राज्यसभा)** | |
| 9.1 | सिंघौल में एप्रोच पथ,आधारभूत संरचना, पेयजल, शौचालय इत्यादी यात्री सुविधायें मुहैया कराई जाय । | PCE |
| 9.2 | सिंघौल एवं कसवा, में अंडर पास अविलम्ब बनवाया जाय । | PCE |
| 9.3 | पटना से बरौनी तक ट्रेन आती है, उसे मानसी तक विस्तार किया जाय । | CPTM |
| 9.4 | कोई भी ट्रेन आय के आधार पर ठहराव नहीं होने की टिप्पणी आती है उसे चेंज किया जाय। | CPTM |
| 9.5 | पटना से जो ट्रेन मानसी तक उसे विस्तार किया जाय । | CPTM |
| 9.6 | बरौनी एवं बेगूसराय से कोलकता के लिए कोई ट्रेन नहीं है। एक नई ट्रेन का परिचालन किया जाय । | CPTM |
| 9.7 | अमृत भारत योजना के तहत लखमिनियां स्टेशन को डेवलप किया जा रहा है । वहां फुटकर व्यापारी लगभग 100 थे । वहां पर खाली रेल भूमि में बाजार विकसित किया जाय ताकि फुटकर व्यापारियों की जिविका सुचारू रूप से चले । | PCE |
| 9.8 | फतुहा हाल्ट स्टेशन है जो गीता धाम से प्रसिद्व है, वहां कुछ ट्रेन को रोका जाय । | CPTM |
| 9.10 | जो स्टेशन एन0एच0 पर है आमजन एनएच क्रॉस करके आते हैं, उसपर हर महीने 04–05 दुर्घटनायें होती है । | PCE |
| 9.11 | मंडल के सभी स्टेशनों को सूचित किया जाय कि ऐसे कौन–कौन स्टेशन पर राष्ट्रीय उच्च पथ कॉस कर आमजन आते है जहां निरंतर दुर्घटना की सूचना मिलती है। उसे चिन्हित कर रिपोर्ट के साथ सूची उपलब्ध करवाई जाय । | PCE |
| 9.12 | तिलरथ स्टेशन पर 01 से 02 पैसेन्जर गाड़ियों का ठहराव दिया जाय । | CPTM |
| 10. | **श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय सांसद (लोकसभा) सारण** | |
| 10.1 | रेल अस्पताल में बाहरी मरीजों के चिकित्सा शुल्क CGHS द्वारा निर्धारित दर पर किया जाता है । अस्पताल में क्या–क्या सुविधायें देते है ? कौन–कौन से उपचार प्रतिबंधित है जो दूसरे को नहीं दे सकते ? कौन– कौन से उपचार दे सकते हैं ? इसकी पूरी सूची ,तथा आपका बजट क्या है एवं इस जोन में कितने डॉक्टर उपलब्ध है, पूर्ण विवरण दें । | PCMD |
| 10.2 | मंडल के सभी स्टेशनों की कैटेगरी क्या है, सफाई की क्या व्यवस्था है, कौन–कौन सी एजेन्सियां इस कार्य को कर रही है तथा कितना व्यय होता है तथा उसकी निगरानी का सिस्टम क्या है ? | DRM |

| | | |
|---|---|---|
| 10.3 | मंडल के सभी स्टेशनों की साफ–सफाई, जल निकासी तथा कूड़ा–कचरा के निष्पादन इत्यादी की व्यवस्था अधिकारी स्तर पर निगरानी प्रणाली के तहत कराई जाय । | DRM |
| 10.4 | मंडल के सभी स्टेशनों की जल निकासी, सीवरेज तथा ड्रेनज की क्या व्यवस्था है ? पानी की निकासी कहां होती है एवं प्रत्येक स्टेशन पर कूड़ा–कचरा के निष्पादन की क्या व्यवस्था है ? | PCE CEnHM |
| 10.5 | सभी संबंधित जिला के जिलाधिकारियों को सांसदों की बैठक में भाग लेने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नामित करने हेतु पत्र लिखा जाय । प्रबंधक निदेशक, बिहार पथ निर्माण निगम लि0 को उनके द्वारा निर्मित सड़क उपरीपुलों की अद्यतन स्थिति के साथ सांसदों की बैठक में शामिल होने हेतु बुलाया जाय । परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकरण को भी इस बैठक में बुलाया जाय । राज्य पुल निगम तथा नगर निगम के अभियंता इत्यादि को भी बैठक में शामिल होने हेतु पत्र जारी किया जाय। दिशा समिति की बैठक में रेलवे की ओर से नोडल अधिकारी को भाग लेने हेतु नामित करें । बैठक प्रारंभ होने से पूर्व बैठक में उपस्थित होने वाले सभी राज्य/रेलवे अधिकारियों की पूरी सूची–मोबाईल नं0 सहित उपलब्ध कराई जाय । | DRM |
| 10.6 | इस वित्तीय वर्ष में माननीय सांसदों के क्षेत्र के लिए बजट आवंटन क्या आया है ? सांसद वार प्रस्ताव जो रेलवे बोर्ड/राज्य सरकार/भारत सरकार को भेजा गया है, उसमें स्वीकृत कार्यो की सूची तथा अस्वीकृत कार्य की सूची सांसद महोदय को दिया जाय, ताकि जो कार्य नहीं हुआ है उस पर वे अपने स्तर से निगरानी कर सकें । सांसदों के क्षेत्र में बजट में उल्लेखित कार्यो में से इस वर्ष में कितने कार्य शुरू हुए हैं तथा कितने पूर्ण हो गये हैं, सभी का पूरे खर्च का व्यौरा प्रत्येक सांसद को भिजवायें । | DRM |
| 10.7 | आपके द्वारा नामित सभी नोडल अधिकारी की जिम्मेवारी होगी कि अपने–अपने सांसद/राज्यसभा सदस्य से संपर्क कर व्यक्तिगत रूप से संसदीय क्षेत्र में क्या–क्या कार्य हुए हैं उससे सांसद महोदय को अवगत करायेंगे । | DRM |
| 10.8 | प्रायः देखा जा रहा है कि माननीय सांसद द्वारा अपने पैड पर तत्काल कोटा मांग पत्र दिया जाता है परन्तु कोटा आवंटन नहीं किया जा रहा है। कारण सहित रिपोर्ट तैयार कर अवगत करायें । साथ हीं एक नोडल अधिकारी को नामित किया जाय जिन्हें सभी सांसद अपनी आरक्षण मांग पत्र भिजवाया जा सके । | PCCM |
| 10.9 | गाड़ियों के ठहराव मद में प्राप्त प्रस्ताव के पत्र में बदलाव करने की आवश्यकता है । नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ये शब्द हटायें । | Sr.DOM |
| 10.10 | सिवान–समस्तीपुर इंटरसिटी गाड़ियों के मामले में अवगत कराया गया था कि शीघ्र हीं रि–स्टोर हो रहा है, परन्तु रैक की अनुपलब्धता के कारण लंबित है। जबकि इस गाड़ी के लिए 12 सांसदों के प्रस्ताव/मांग हैं । इसके लिए उच्च प्राथमिकता पर प्रयास करें और कब से परिचालन किया जायेगा इससे अवगत करायें । | CPTM |
| 10.11 | बेला रेल कारखाना की सड़क बनवाने हेतु विगत 04 वर्षो से प्रस्ताव दिया जा रहा है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शीघ्र हीं निविदा कराकर कार्य पूरा करें । | CAO/ Bela |
| 10.12 | नगरपालिका के जो नाले नमामी गंगे योजना के तहत बने हैं उसमें रेलवे के नालों को जोड़ने में क्या कदम उठाये गये हैं तथा ये कब तक जोड़े जायेंगे इससे अवगत कराया जाय । | DRM |
| 10.13 | बिना अंडर पास बने LC Gate Railway Cross का रास्ता बंद कर दिया जाता है। किसी भी रास्ते को बंद करने से पहले कार्य स्वीकृति कराकर अंडरपास बनाने के उपरांत हीं कोई भी सड़क बंद किया जाय। वस्तीजलाल एवं मदलीचक Railway Crossing की समीक्षा की जाय। | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 10.14 | छपरा–पटना के लिए नई ट्रेन का परिचालन के लिए चर्चा हुई थी, उसकी क्या स्थिति है– अवगत करायें । | CPTM |
| 10.15 | बड़ागोपाल स्टेशन के पास LHS अतिशीघ्र बनवाया जाय । इसकी क्या स्थिति है इससे अवगत कराया जाय । साथ हीं उच्च प्राथमिकता के आधार पर LHS का निर्माण कराया जाय । | PCE |
| 10.16 | नयागाँव स्टेशन का नाम बदल कर शहीद राजेन्द्र सिंह जी के नाम पर रखे जाने हेतु अपने स्तर पर गृह मंत्रालय को प्रस्ताव सुदृढ ढंग से भिजवायें । | PCCM |

बैठक के अंत में मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा माननीय सांसद महोदय के सभी सुझावों पर कार्यवाही करने की तथा इससे यात्री सुविधाओं में गुणात्मक सुधार की आशा जतायी गई । इसके साथ हीं सभी माननीय सांसद महोदय, माननीय सांसद महोदय के प्रतिनिधिगण तथा मुख्यालय से आये सभी अधिकारियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई ।

माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधियों के बहूमूल्य सुझाव पर अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए माननीय सांसदों को सूचित किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक**
**सोनपुर**

**सं0– सी/568/मंडल संसदीय समिति/सोनपुर/बैठक/24** **दिनांक 08.01.2024**

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महाप्रबन्धक के सचिव, महाप्रबन्धक महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. मं.रे.प्र, सोनपुर महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. उप महाप्रबन्धक (सा.) हाजीपुर के सादर सूचनार्थ ।
4. प्रमुवाप्र, प्रमुपरिप्र, प्रमुसिदूई, प्रमुविई, प्रमुकाधि, प्रमुई एवं मुजसंधि/हाजीपुर के सादर सूचनार्थ ।
5. मुप्रशाधि (निमार्ण) उत्तर महेन्द्रुघाट, पटना के सादर सूचनार्थ ।
6. महाप्रबंधक (इरकॉन), मुख्य परियोजना निदेशक (आर.ई) के सादर सूचनार्थ ।
7. महाप्रबंधक, रेल भूमि विकास प्राधिकरण, अजमेरी गेट नई–दिल्ली–110002 के सादर सूचनार्थ ।
8. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल इंजन कारखाना, मढ़ौरा (सारण) के सादर सूचनार्थ ।
9. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /रेल पहिया कारखाना, बेला (सारण) के सादर सूचनार्थ ।
10. महाप्रबंधक, बिहार राज्य विधुत बोर्ड, पटना के सादर सूचनार्थ ।
11. वमंपरिप्र, वमंई(सम.), वमंसिदूई, वमंविई(सा.) एवं मंकाधि/प्रभारी/सोनपुर। कृपया अपने–अपने विभाग से संबंधित सुझावों पर कार्यवाई करते हुए कृत कार्यवाई से अवगत कराया जाय, ताकि अविलम्ब माननीय सांसद एवं मुख्यालय को सूचित किया जा सके।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक**
**सोनपुर**

# माननीय सांसद महोदय के लोकसभा क्षेत्रवार प्रमुख स्टेशनों पर मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव हेतु प्रस्ताव

| कम सं0 | माननीय सांसद महोदय | स्टेशन | प्रस्तावित मेल एक्सप्रेस गाड़ी |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजय निषाद, माननीय सांसद (लोक सभा) मुजफ्फरपुर | दुबहा | 15549/50 |
| | | परमजीवर–ताराजीवर | 15516 |
| | | समस्तीपुर | 13123/24 |
| 2 | श्री चौधरी महबूब अली कैसर, माननीय सांसद (लोकसभा) खगड़िया | खगड़िया | 20503/04 या 12423/24 |
| | | गौछारी | 15713/14 |
| | | पसराहा | 13245/46 |
| 3 | श्री अजय कुमार मंडल, माननीय सांसद (लोक सभा) भागलपुर | नवगछिया | 15667/68, 12407/08, 15933/34 |
| | | कटरिया | 13245/46 |
| 4 | श्री रामनाथ ठाकुर जी, माननीय सांसद (राज्य सभा), समस्तीपुर | कपुरीग्राम | 13021/22, 13019/20, 15027/28 |
| 5 | श्री प्रिंस राज, माननीय सांसद (लोक सभा) समस्तीपुर | पूसा | 15449/50, 15909/10 |
| | | रूसेरा घाट | 09601/2 |
| | | दलसिंहसराय | 19037/38 |
| 6 | श्री अहमद अशफाक करीम, माननीय सांसद (राज्य सभा), कटिहार | कुर्सेला | 12487/88, 12505/6 |
| | | स्मेली हाल्ट | किसी भी एक गाड़ी का ठहराव चाहिए। |
| 7 | श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय सांसद (लोक सभा) सारण | दिघवारा | 19165/66 |
| | | सोनपुर | 13205/6, 15549/50,14673/74 |
| 8 | श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, माननीय सांसद, (लोकसभा) कटिहार | समेली हाल्ट स्टेशन पर सवारी गाड़ी के ठहराव | |
| | | कटरिया स्टेशन | 05249/50 |
| 9 | श्री राकेश सिन्हा, माननीय सांसद (राज्यसभा) बेगुसराय | फतुहा स्टेशन पर कुछ ट्रेन का ठहराव | |
| | | तिलरथ स्टेशन पर 1 या 2 सवारी गाड़ी कर ठहरावे | |
| 10 | श्री गिरिराज सिंह, माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार | 19483/84 को सहरसा तक विस्तार किया जाय। | |
| | | बरौनी से अयोध्या के लिए नई ट्रेन का परिचालन किया जाय। | |
| 11 | श्री पशुपति कुमार पारस, माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार | कोई डिमांड नही है। | |
| 12 | श्रीमति वीणा देवी, माननीया सांसद (लोक सभा), वैशाली | कोई डिमांड नही है। | |
| 13 | श्री नित्यानंद राय, गृहराज्य मंत्री, भारत सरकार | कोई डिमांड नही है। | |